شری محمد امین "مغربی بنگال": وائس چیئرمین سر، کشمیر کے بجٹ کے بارے میں ابھی دو موجودہ ممبران نے جس حالات کا اظہار کیا۔ میرے خیالات بھی کم و بیش وہی ہیں۔ اس میں تو کوئی چارہ نہیں ہے سوائے اس کے کہ اس بجٹ کو پاس کر دیا جائے لیکن افسوس اس بات کا ہوتا ہے کہ حالات بگڑتے جا رہے ہیں اور حکومت ہند کو جس سنجیدگی کے ساتھ اس مسئلے کو حل کرنے کی کوشش کرنی چاہیئے وہ سنجیدگی کہیں دور دور تک نظر نہیں آتی ایک تو سب سے بڑی بات یہ ہے کہ کشمیر کے حالات ادھر تین ورشوں کے اندر بہت تیزی سے بگڑے ہیں۔ جب تک فاروق عبداللہ کی گورنمنٹ تھی تب تک حالات ایک حساب پر چل رہے تھے لیکن میری پارٹی جس بات کے اوپر اعتراض کرتی ہے کہ کسی بھی ریاست میں اگر کوئی غیر کانگریسی حکومت عوام کے ووٹوں سے بن جائے تو بھی اس حکومت کو برداشت نہیں کیا جاتا ہے اور اس کو الٹنے کی کوششیں ہوتی ہیں۔ اس کی مثالیں بہت ہیں اور میرے خیال میں شاید ہی کوئی صوبہ ریاست ایسا بچا ہو۔ جہاں چنی ہوئی حکومت کو توڑ کر کے صدر راج نافذ نہ کیا گیا ہو۔ مولانا نے ایک بات بہت سچے کی بات کہی ہے

دور ہوتے چلے جا رہے ہیں یہ سلسلہ کب تک چلے گا۔ ہر چھ مہینے میں صدر راج میں توسیع کی جاتی ہے۔ بجٹ پاس کیا جاتا ہے اور حکومت یہ کہتی ہے کہ ہم امید کرتے ہیں کہ اس کے بعد کشمیر میں ایک چنی ہوئی حکومت آئے گی۔ مگر اس کی نوبت نہیں آتی۔ اس وقت جیسے حالات ہیں۔ ان سے تو یہ محسوس ہوتا ہے کہ کشمیر میں کوئی حکومت نہیں ہے۔ کوئی قانون نہیں ہے۔ کسی بھی آدمی کو چاہتے ہیں اٹھا کر لے جاتے ہیں۔ اپنی قید میں رکھتے ہیں اور اس کے بعد سودے بازی ہوتی ہے کہ اتنے لوگوں کو رہا کیا جائے گا تو ہم اس کو چھوڑیں گے اور یہ معاملات بھی انتہائی خطرناک صورت اختیار کرتے جا رہے ہیں۔

اب جو سرکاری ملازمین ہیں۔ خاص کر کے غیر سرکاری۔ ان کے دل میں زبردست اندیشہ پیدا ہو گئے ہیں۔ وہ اپنے آپ کو غیر محفوظ محسوس کرتے ہیں اور کوئی سیاسی پارٹی وہاں کام نہیں کر پا رہی ہے میری پارٹی سی۔ پی۔ آئی۔ ایم کے لوگ بھی کشمیر سے چلے آنے پر مجبور ہوتے ہیں۔ جموں میں آباد ہیں۔ دوسری پارٹیوں کا بھی یہی حال ہے۔ نیشنل کانفرنس جو وہاں کی پارٹی ہے۔ اب اس کے اندر بھی انتشار پیدا ہو گیا ہے۔ فاروق عبداللہ کا کہیں پتہ نہیں ہے اور مرکزی حکومت اور کشمیر کے عوام کے بیچ میں درمیانی کڑی کیا ہے۔ یہ کہیں نظر نہیں آتا۔

تو اس پرکار کی کیا کوشش حکومت کر رہی ہے کہ کشمیر کے عوام کو اعتماد میں لینے کے لئے ان کے دل میں بھروسہ پیدا کرنے کے لئے کچھ کیا جائے۔ کوئی بات ایسی دیکھنے میں نہیں آ رہی ہے۔ میری صلاح یہ ہے کہ اس طرح وقت گزرتا چلا جائے گا اور مسئلہ کشمیر ایک ضرب المثل بن چکا ہے کوئی سنگین مسئلہ آتا ہے تو لوگ کہتے ہیں کہ بھئیا یہ مسئلہ تو مسئلہ کشمیر سے بھی زیادہ ٹیڑھا ہے۔ ایسا ایک ضرب المثل بن چکا ہے اور اس کے لئے وہی طاقتیں ذمہ دار ہیں جو اس ملک کو صحیح راستہ پر سے جانے سے ہمیشہ کتراتی ہیں۔

میں سمجھتا ہوں کہ دفعہ ۳۷۰ کو برقرار رکھنا چاہئے۔ اس کو ہٹا دینے سے کشمیر کے مسئلے کو حل کرنے میں مدد نہیں ملے گی اور میری صلاح یہ ہے کہ حکومت اس بجٹ کو پاس کرنے کے بعد فوراً تمام سیاسی پارٹیوں کی ایک میٹنگ بلائے اور یہ دریافت کرے کہ کس کے ذریعہ درمیانی کڑی حاصل کرنے کی کوشش کامیاب ہو سکتی ہے۔ اس کے

ذریعے ہی ایک راستہ نکل سکتا ہے۔ آج کشمیر کی عوام یہ سمجھتی ہے کہ ان کی عزت آبرو۔ ان کا مذہب۔ ان کی زمین ان کا کلچر محفوظ نہیں ہے لیکن یہ گھبراہٹ ان کے اندر سے دور ہو سکتی ہے اور وہ اس قومی دھارا میں شامل ہونے کے لئے ہم آپ کی مدد لے سکتے ہیں۔ اس لئے ہم ان لوگوں کو ان لوگوں کے تعاون کی ضرورت ہے جو ملک کو متحد رکھنا چاہتے ہیں۔ سیکولرازم کو بچانا چاہتے ہیں اور اس ملک کو ایک ساتھ لے کر آگے بڑھنا چاہتے ہیں۔ اتنا ہی مجھے کہنا ہے۔

श्रीमती सुषमा स्वराज (हरियाणा) : उपसभाध्यक्ष जी, मैं आपको धन्यवाद देती हूं।

श्री रजनी रंजन साहू (बिहार) : उपसभाध्यक्ष जी, इनकी पार्टी का टाइम पूरा हो गया।

श्री सुरेश जे. शाह (महाराष्ट्र) : वक्त किसका पूरा हो गया सरकार का या इनकी पार्टी का ?

श्री रजनी रंजन साहू : इन लोगों के बोलने टाइम खत्म हो गया।

उपसभाध्यक्ष (श्री शंकर दयाल सिंह) : जब तक अमीन साहब और ओबैदुल्ला साहब बोल रहे थे तब तक आप सुन रहे थे और जब सुषमा जी खड़ी हुई तो तो माप व्यवधान डाल रहे हैं।

श्री रजनी रंजन साहू : जब थुमार साहब खड़े होते हैं हम तब व्यवधान डालते हैं।

श्रीमती सुषमा स्वराज : महोदय इस समय सदन में जम्मू-कश्मीर के बजट पर चर्चा चल रही है। राष्ट्रपति शासन के तहत शासित होने के कारण यह आवश्यक है कि भारतीय संसद जम्मू-कश्मीर के बजट को पास करे। लेकिन इस संवेधानिक जिम्मेदारी का निर्वाह करते हुए मैं सबसे पहले एक प्रश्न वित्त राज्य मंत्री जी से पूछना चाहूंगी कि सरकार और कितने वर्ष तक हमसे जम्मू-काश्मीर का बजट पास कर वायेगी ? अभी भाई आजमी ने इस चर्चा में यह उम्मीद जाहिर की कि अगले साल यह बजट यहां पास न हो कर वह। की रियासते ऐसेम्बली में पास होगा लेकिन मैं उम्मीद नहीं आशंका जाहिर करती हूं और मेरी आशंका की बुनियाद है पंजाब। आप जानते हैं कि पिछले चार वर्षों से भारत की संसद लगातार पंजाब के बजट को पास कर रही है। संविधान की धारा 356 के अंतर्गत राष्ट्रपति शासन की जो अधिकतम सीमा निर्धारित की गई है उस सीमा को भी पंजाब के संदर्भ में हमने पार कर लिया है। महोदय, आप तो स्वयं संविधान के ज्ञाता हैं, पंजाब के संदर्भ में जब भी मसला सदन में आता है, आप अपनी ओर से क्षोभ और पीड़ा रखते हैं। मैं धारा 356 की पंक्तियां पढ़कर बताना चाहती हूं कि कितना मेंडेटरी वह प्राविजन है, वह धारा जिसके तहत राष्ट्रपति शासन लागू किया जाता है उसने ही एक पाबंदी संसद के ऊपर डाली थी कि —

No such Proclamation shall, in any case, remain in force for more than three years.

"in no case"

यानी किसी भी कीमत पर राष्ट्रपति शासन की अवधि किसी प्रदेश में तीन साल से ज्यादा नहीं बढ़ाई जाएगी। लेकिन 68वां संविधान संशोधन पारित करके इस अवधि को 3 वर्ष से बढ़ाकर 5 वर्ष किया गया है पंजाब के संदर्भ में इसलिए संदेह की निगाह जम्मू-कश्मीर के ऊपर मेरी पड़ती है क्योंकि 11 मई 198' को पंजाब में राष्ट्रपति शासन लागू हुआ और आज ही उसको 11 मई 1992 तक बढ़ा दिया और 5 वर्ष की अवधि पूरी कर दी। लेकिन जम्मू-काश्मीर में 18 जुलाई, 1990 को राष्ट्रपति

[श्रीमती सुषमा स्वराज]

शासन लागू हुआ था और तब से लेकर आज तक दो बार हम राष्ट्रपति शासन की अवधि बढ़ाने का प्रस्ताव पास कर चुके हैं। एक बार जम्मू-काश्मीर का लेखानुदान यानि वोट आन ऐकाउंट पास कर चुके हैं और आज हम यह बजट पास कर रहे हैं। इसलिए मैं पूछना चाहती हूं कि सामान्यतः साधारण परिस्थिति में जो चीज वहां की विधान सभा के द्वारा पारित की जानी चाहिए थी उसे असाधारण परिस्थिति में भारतीय संसद् पारित कर रही है तो क्या वित्त मंत्री जी बतायेंगे कि यह असाधारण परिस्थिति जम्मू-काश्मीर में कब तक रहने वाली है क्योंकि पंजाब के बारे में हमने देखा है कि 4 साल में हर 6 महीने बाद वैसा ही विधेयक लाया जाता है, विपक्ष के द्वारा वैसी ही चेतावनी दी जाती है और सरकार के द्वारा फिर वैसा ही आश्वासन दिया जाता है और फिर थोड़ी नोकझोंक के बाद उसी तरह का विधेयक पारित हो जाता है। हर बार हमारी निगाह कुछ नई जानकारी प्राप्त करने के लिए उठती है, लेकिन मिलती है वही बासी जानकारी, वही उबाऊ जवाब।

महोदय, मुझे लगता है कि यथास्थिति में जीना हम लोगों की आदत हो गई है। यथास्थिति के शिकार लोग इसको अपनी नियति मान बैठे हैं। भारतीय संसद् और राज्य-सभा के पटल पर खड़ी हुई, सरकार के गृह मंत्री जी बैठे हैं, सरकार के वित्त राज्य मंत्री जी बैठे हैं, मैं उनसे पूछना चाहती हूं कि इस असाधारण परिस्थिति से निपटने के लिए भारत की संसद ने तमाम वह शक्तियां आपको दी हैं जो आपने मांगी। तत्कालीन सरकार ने राष्ट्रप शासन लागू करना चाहा आपने जम्मू एंड काश्मीर आर्म्स फोर्सेज ऐक्ट पास करके स्थिति से निपटने के लिए विशेष शक्तियां अपने हाथ में लेनी चाहीं, सदन ने वह शक्ति आपको बक्शी। लेकिन तमाम चीजें होने के बावजूद जम्मू-काश्मीर में चुनौती क्या है? मैं आगे बढ़कर कहूं कि चुनौती दिनों-दिन क्यों बिगड़ रही है? शायद वहां यथास्थितिवाद बनाए रखने में कुछ निहित स्वार्थों का निहत स्वार्थ है। उनके हाथ में सरकार कठपुतली बनी हुई है। मैं कहना चाहती हूं कि आपके जो बजट प्रस्ताव हैं ये भी उस यथास्थितिवाद को दर्शाते हैं।

मैंने इस बजट के बारे में दस्तावेजों को पढ़ा है, जो वक्तव्य दिया है उसके साथ जो तीन कागजात दिए गए हैं उन तीनों दस्तावेजों को मैंने अच्छी तरह से पढ़ा है लेकिन मुझे यह कहते हुए अफसोस होता है कि बजट के किसी दस्तावेज को पढ़कर यह नहीं लगता कि यह बजट किसी संकटग्रस्त राज्य का बजट है। यह देखकर नहीं लगता कि इस बजट के अंदर किसी भी विशेष परिस्थिति से निपटने की क्षमता है। मैंने पूरे दस्तावेजों के सारे मदों को, सारे प्रावधानों को पढ़ा लेकिन इस बजट में न तो सुरक्षा व्यवस्था के लिए कोई अतिरिक्त प्रावधान किया गया है और न ही विस्थापितों के लिए किसी राहत कार्यक्रम की घोषणा की गई है। लगता है कि सामान्य परिस्थिति में बनाया हुआ एक सामान्य प्रदेश का बजट है जो केवल प्रशासन की संवेदन, हीनता की उजागर करता है। मैं पूछना चाहती हूं वित्त राज्य मंत्री महोदय से कि क्या दूरदर्शन के उस अपहरण के सिलसिले में जुड़ते हुए, कील, वाखल और खन्ना के केस, वहां के आतंकवादी संगठनों के द्वारा केवल अपहरण का न किया जाना बल्कि जब चाहे जिस को उठाकर ले जाना और महीनों-महीनों तक बंधक बनाए रखना, उनके हाथ-पांव काट देने की धमकियां तक दे डालना और अपने एक खूंखार से खूंखार साथी की रिहाई के बदले ही छोड़ने की घोषणा करना, क्या ये तमाम चीजें प्रशासन को अतिरिक्त सुरक्षा उपायों की आवश्यकता महसूस नहीं कराता? अगर कराता है तो इस बजट में आपने कहा प्रावधान किया है? कहां से आप पैसा जुटायेंगे जिनके माध्यम से आप इन सुरक्षा उपायों की व्यवस्था कर सकेंगे? मैं पूछना चाहती हूं कि क्या वहां से निकले हुए विस्थापित एक लाख हिन्दू परिवार जो आज कैम्पों में, टैन्टों में, छावनियों में शरणार्थियों का जीवनयापन कर रहे हैं, क्या उन लोगों के लिए जो आज घर से बेघर हुए दर-दर भटक रहे हैं उनके लिए कोई राहत कार्यक्रम की आवश्यकता शासन,

प्रशासन महसूस नहीं करता? अगर करता है तो कहां है आज के बजट में वह मद जिसके नीचे आपने इन राहत कार्यक्रमों के लिए प्रावधान किया है? मैंने केवल ये दो मदें देखने के लिए पूरे दस्तावेज छान मारे लेकिन मुझे कहीं वह मद दिखाई नहीं पड़ी। पंजाब के बजट में तो है—रिलीफ एंड रिहेबिलिटेशन—राहत और पुनर्वास मद के नीचे वहां इन चीजों का प्रावधान किया गया है लेकिन काश्मीर के बजट में ऐसा कोई प्रावधान मुझे दिखाई नहीं दिया। हां, पिछले साल इन मदों में किया गया खर्च जरूर दिखाई दिया। मेरे पास वह वक्तव्य है जो 26 अगस्त, 1991 को वित्त राज्य मंत्री ने लोक सभा में दिया था। उसमें उन्होंने संशोधित अनुमानों के नीचे कहा है कि :

> "राजस्व व्यय में 30 करोड़ रुपए की वृद्धि हुई है। इस वृद्धि का कारण है कि राज्य सरकार द्वारा प्रवासियों की सहायता, राहत कार्यों, सुरक्षा से संबंधित समस्याओं, केंद्रीय प्रायोजित स्कीमों में राजस्व का व्यय किया जाना।"

यह पिछले वक्तव्य में कहा। आप जानते हैं जब पिछला बजट पास हुआ था उस समय स्थिति इतनी गम्भीर हो जाएगी वहां की असेम्बली को मालूम नहीं था इसलिए संशोधित अनुमानों के माध्यम से सरकार उस पैसे को ले, यह बात समझ में आती है। लेकिन आज स्थिति आपके सामने मुंह बाये खड़ी है। आपको उससे निपटना है लेकिन उससे निपटने के लिए इन बजट प्रावधानों में एक पैसे की व्यवस्था, पैसे का प्रावधान नहीं किया गया है। कैसे आप इससे निपटना चाहेंगे, यह मैं आपसे पूछना चाहती हूं। क्या आप यह नहीं चाहते कि सुरक्षा व्यवस्था के ऊपर कोई पैसा खर्च किया जाए? क्या आप नहीं चाहते कि इन विस्थापितों के राहत कार्यक्रम के लिए कोई पैसा खर्च किया जाए? वे विस्थापित अपने कारण नहीं हुए। उनका अपना कसूर नहीं है। मैं पूछना चाहती हूं कि किन लोगों ने उनको आज घर से बेघर करके दर-दर भटकने के लिए मजबूर किया? क्या कसूर है उन लाखों कश्मीरियों का जो अपना धंधा और सम्पदा छोड़कर दिल्ली और जम्मू की छावनियों में भटक रहे हैं? केवल यह कसूर है उनका कि वे कश्मीर की सर-जमीन पर बैठकर भारत माता की जय कहना चाहते हैं, केवल यह कसूर है उनका कि वे अपने यहां के स्कूल में अपने बच्चों को जन-गण राष्ट्रीय गान बुलवाते हैं। यह कसूर है उनका कि 15 अगस्त और 26 जनवरी को राष्ट्रीय त्यौहारों के दिन जब बाकी देश में इमारतों पर राष्ट्रीय तिरंगा फहराया जाता है वे अपने कश्मीर की सर-जमीन पर राष्ट्रीय ध्वज फहराना चाहते हैं। इस कसूर की सजा उनको यही मिल रही है कि घर से बेघर कर दिया और सब कुछ छोड कर दिल्ली और जम्मू में भटक रहे हैं। किन लोगों के हाथ यह करवाया जा रहा है? वे लोग जो कश्मीर की सर-जमीन पर खड़े होकर पाकिस्तान जिंदाबाद का नारा लगाते हैं? उन लोगों के द्वारा यह करवाया जा रहा है जो सर-जमीन के चौराहे पर खड़े होकर राष्ट्रीय तिरंगे की होली जलाते हैं। उन सब के द्वारा यह करवाया जा रहा है जो अपनी घड़ी का समय पाकिस्तान की घड़ी के समय के साथ मिलाकर रखना चाहते हैं। उनके द्वारा यह करवाया जा रहा है जो रुपए की खरीद के बदले में पाकिस्तानी करेंसी आपको लौटाते हैं। सरकार सारी शक्तियों को अपने हाथ में समेटे हुए एक असहाय बनकर देखती है, निरीह बनकर खड़ी होकर देखती है। इसलिए मैं आप से कहना चाहती हूं कि क्या इस बजट में इस तहर का प्रावधान नहीं होना चाहिए? इस बजट में इस तरह के प्रावधानों का न होना सरकार की केवल संवेदनहीनता को नहीं दर्शाता बल्कि सरकार के मसले की गंभीरता को भी दर्शाता है।

जिस गम्भीरता से इस मसले को लिया जाना चाहिए उसकी दिलचस्पी में कमी को भी दर्शाता है, यह इस बजट पर मेरा पहला एतराज है। मेरा दूसरा एतराज यह है कि बजट तो हम पास करते हैं जम्मू-काश्मीर की एसेम्बली के लिए, जम्मू-काश्मीर राज्य के लिए और जम्मू-काश्मीर की विधान सभा की तरफ से, लेकिन मेरा आरोप है कि इस बजट में पैसे का दसवां हिस्सा भी जम्मू-लद्दाख

पर खर्च नहीं किया जाता है । आप जानते हैं कि तीन रीजन्स को मिला कर के काश्मीर बनता है । इस सदन के जरिये मेरा आरोप है कि बजट का 10 फीसदी हिस्सा जम्मू और लद्दाख पर खर्च किया जाता है और 90 फीसदी हिस्सा काश्मीर वेली पर खर्च किया जाता है । मैं यह आरोप कहने के लिए नहीं कह रही हूं, तथ्यों के साथ, आंकड़ों के साथ, जो बजट अनुदानों की मांगें हैं उनके माध्यम से मैं सन्दन के अदर पेश करना चाहती हूं । यह बजट अनुदानों की मांगों का जो विवरण है, चूंकि आपने घंटी बजा दी है, इसलिए मैं उनमें से कुछ का जिक्र करना चाहूंगी । आपसे चाहूंगी कि विषय की गम्भीरता को देखते हुए आपको मुझे पांच मिनट का फालतू समय भी देना पड़े तो मुझे दीजिएगा ।

मैं सबसे पहले मांग संख्या 6 को लेती हूं जो बिजली विकास विभाग से संबंधित है । इस वर्ष इसमें 41262 लाख 83 हजार रुपयों का प्रावधान किया गया है, लेकिन इसके तहत जो बिजली विकास योजनायें काश्मीर में चल रही हैं, वित्त राज्य मंत्री जी, आपका ध्यान मैं उस तरफ दिलाना चाहती हूं । इस समय सरकार की ओर से चलने वाली सारी बिजली परियोजनायें जम्मू-काश्मीर के अन्दर 350 मेगावट बिजली का उत्पादन करती हैं । लेकिन मुझे यह बताते हुए अफसोस है कि इसमें से केवल 22 मेगावाट बिजली जम्मू की कैनाली पावर प्रोजक्ट से पैदा की जाती है और बाकी 328 मेगावट बिजली सारी की सारी वेली की पन-परियोजनाओं से उत्पादित की जाती है । जहां तक बिजली देने का सवाल है, केवल 26 लाख युनिट प्रति दिन जम्मू को दी जाती है जब कि 72 लाख यूनिट प्रति दिन काश्मीर वेली को दी जाती है । जो रेवेन्यू आता है उसके हिसाब में भी बहुत थोड़ा-सा अन्तर है । 11.5 करोड का रेवेन्यू जम्मू इलाके से और 13 करोड़ काश्मीर वेली से आता है । रेवेन्यू में इतना कम अन्तर है, लेकिन जो खर्चा किया जाता है, जितनी बिजली परियोजनायें चल रही हैं उनमें से केवल 10 करोड़ रुपये कैनाली प्रोजेक्ट पर खर्च हुआ है और पांच सौ करोड़ रुपया काश्मीर वेली की परियोजनाओं पर खर्च हुआ है । यह भेदभाव का साक्षात उदाहरण मैंने आपके सामने रखा है ।

मांग संख्या 12 जो कृषि से संबंधित है, यहां पर भी भेदभाव की बात रखी गई है । जम्मू के अन्दर आरसपूरा के अन्दर एक कृषि कालेज, एग्रीकल्चरल कालेज, चल रहा है चल रहा था । उसे बंद करके काश्मीर के सौपोर में एग्रीकल्चरल यूनिवर्सिटी खोल दी गई है और खोलते समय न इलाके की जलवायु का ध्यान रखा गया है और न ही उत्पादन पर ध्यान रखा गया है । आप जानते हैं कि जम्मू बहुफसली इलाका है, मल्टी क्रोप इलाका है, जबकि काश्मीर में केवल एक फसल होती है, पूरे वर्ष में सिंगल क्रोप होती है । मगर एग्रीकल्चरल कालेज काश्मीर में खुला है । जम्मू में चलने वाला कृषि कालेज बन्द कर दिया गया । इसी तरह से आई० सी० ए० आर० के विशेषज्ञों ने जम्मू के लिए सिफारिश की कि वहां एक पशु चिकित्सा विद्यालय, वेटरिनरी कालेज, खोला जाय । लेकिन उनकी सिफारिश को अनदेखी करके वह कालेज भी काश्मीर के अन्दर खोला गया ।

मांग संख्या 16 पब्लिक वर्क्स से संबंधित है । मैं बिलकुल एक नई बात जो बजट से संबंधित है, कह रही हूं । अन्य माननीय सदस्य तो जम्मू-काश्मीर की परिस्थिति की बात करेंगे । मैं बजट के दस्तावेज से बजट की प्रासंगिक चीजों को आपके सामने रख रही हूं । इसलिए कृपया मुझे पांच मिनट का समय दें ।

उपसभाध्यक्ष (श्री शंकर दयाल सिंह) : माननीय सदस्या से मैं कहना चाहूंगा कि यहां हर दल का समय मुकर्रर है, इसलिए मेरे लिए दिक्कत है । आप समय से बहुत आगे बढ़ गई हैं । मैं आपसे अनुरोध करूंगा कि आप अब जल्दी समाप्त कीजिये ।

श्रीमती सुषमा स्वराज : मैं सिफारिश के तौर पर मांग रही हूं, अधिकार के तौर पर नहीं मांग रही हूं । मुझे मालूम है जो समय दिया गया है । अगर इस प्रकार से बीच में न रोका जाय तो अब

तक तो मैं तीन मांगें रख देती । मांग संख्या 16 जो पब्लिक वर्क्स से संबंधित है उसमें आपने इस बार 28662 लाख 81 हजार रुपये रखे हैं । उसमें सड़क और पुल के ऊपर 3812 लाख रुपये का प्रावधान किया गया है । लेकिन मैं आपको बताती हूं कि पहले सड़क निर्माण पर जो पैसा खर्च हुआ उसमें कितना भेदभाव बरता गया है उसका जब पता चलेगा तभी पता चलेगा कि इस बजट में आगे खर्च किस प्रकार से करवाना है । मैं बहुत प्रासंगिक बात कह रही हूं । सड़क निर्माण के क्षेत्र में 1947 में जम्मू में 1538 किलोमीटर सड़कें बनी हुई थीं । जोकि 1987 में बढ़कर 3500 किलोमीटर हुई हैं । लेकिन कश्मीर में उस समय 748 किलोमीटर सड़कें ही थीं जो अब बढ़कर 4900 किलोमीटर हुई हैं । अगर क्षेत्रों का प्रतिशत निकालें तो जम्मू में 18 फीसदी इलाके में सड़कें हैं जबकि कश्मीर के 40 फीसदी इलाकों में सड़कें हैं ।

मांग संख्या 17 जो स्वास्थ्य और शिक्षा से संबंधित है, इसमें भी भेदभाव की बात आपके सामने कहना चाहती हूं । आज से लगभग दस वर्ष पहले एक मेडिकल कालेज, शेरे कश्मीर इंस्टीट्यूट आफ मेडिकल साइंसेज के नाम से कश्मीर में खुला था तो वह 50 करोड़ की लागत से खोला गया था, आज से दस साल पहले जबकि रुपये की कीमत ज्यादा थी । लेकिन जम्मू के अंदर मेडिकल कालेज के लिये केवल 10 करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया है । आप इस सारे बजट को देख लें तो इसमें इस मेडिकल कालेज के लिये एक पैसे का भी प्रावधान नहीं किया गया है जो कि अधूरा है । इसी तरह से डेंटल कालेज जो जम्मू में खोला जाना था, जिसको जम्मू में खोले जाने की सिफारिश थी वह भी श्रीनगर में खोला गया है । इसी तरह से लिंब सेंटर, कृतिम अंग बनाने का केन्द्र जिसके लिये यहां केन्द्र के स्वास्थ्य विभाग की ओर से सिफारिश की गई थी कि वह जम्मू में खोला जाय वह भी श्रीनगर में खोला गया ।

इसके बाद मैं टूरिज्म की बात करती हूं । मांग संख्या 20.....

श्री वी० नारायणसामी (पांडिचेरी) : दोनों एक ही हैं, अलग अलग नहीं हैं ।

श्री शब्बीर अहमद सलारिया (जम्मू और कश्मीर) : ये जम्मू और कश्मीर को तीन हिस्सों में बांटकर छोड़ेंगे, वरना नहीं छोड़ेंगे ।

†[شبیر احمد سلاریہ : یہ جموں اور کشمیر کو تین حصوں میں بانٹ کر چھوڑینگے - ورنہ نہیں چھوڑینگے -]

SHRI V. NARAYANASAMY: She is trying to divide the State. I do not agree with her argument. It is not good for her party. It is going to damage the country's interest.

THE VICE- CHAIRMAN (SHRI SHANKAR DAYAL SINGH): Narayanasamyji, there is the next speaker. You please keep quiet.

श्रीमती सूषमा स्वराज : आप मेरी आखिरी बात सुनिये, तब आपको पता चलेगा । . . . . (**व्यवधान**)

सबसे ज्यादा क्षेत्रीय असंतुलन की बात आप यहां पर करते हैं, नारायणसामी जी । मैं एक ऐसे ही क्षेत्र की बात कर रही हूं और जो बात आपने उठाई है उसी से अपनी बात समाप्त करूंगी, जो अलगाववाद की बात आप उठा रहे हैं । केवल दो मिनट इन मांगों के बारे में सुन लीजिये, उसके बाद मैं इस बात पर आऊंगी । जो आप कह रहे हैं ।

जहां तक टूरिज्म का सवाल है, पर्यटन विभाग का 90 फीसदी पैसा कश्मीर के विकास पर खर्च किया जाता है तथा 10 फीसदी जम्मू के विकास पर जबकि आपको मालूम होना चाहिए कि 300 फीसदी ज्यादा पर्यटक जम्मू में जाते हैं । 1989–90 के आंकड़े बताते हैं कि जम्मू में 18 लाख पर्यटक गये जबकि कश्मीर में केवल 6 लाख पर्यटक गये । इसलिए मैं आपसे कहती हूं कि आपने इसमें जो 2 लाख 198 हजार रुपये रखा है, इसमें से जम्मू के पर्यटन विकास पर आप ज्यादा खर्च करने की बात कीजिये ।

†[ ] **Transliteration in Arabic Script].**

अगली मांग है उच्च शिक्षा के संबंध में। अभी उच्च शिक्षा पर आपने केवल 796 लाख 48 हजार का बजट केवल तकनीकी शिक्षा के लिए रखा है। कुल बजट 3697 लाख 89 हजार है। मुझे दुख है कि गजेंद्र गडकर की रिपोर्ट के बावजूद जम्मू में जो इंजीनियर कालेज खोला जाना था वह आज तक नहीं खुला है। जो पैसा उच्च शिक्षा और तकनीकी शिक्षा की मद में रखा है तो मैं चाहूंगी कि कम से कम उस इंजीनियर कालेज को खोलने की तरफ भी ध्यान दिया जाये।

महोदय, अब मैं उस बात पर आती हूं जो अभी श्री नारायणसामी जी ने कही है। इस देश में जहां कहीं भी अलगाववाद की बात उठी है उसमें क्षेत्रीय असंतुलन उसका सबसे बड़ा कारण रहा है। क्षेत्रीय विकास न होना, उसका अंकुरित बीज रहा है। आप जानते हैं कि भले ही आपके बिहार में झारखंड की मांग हो, भले ही उत्तर प्रदेश में पूर्वांचल और उत्तरांचल की मैंग हो, भले ही गोरखालैंड जी मांग हो, जब जब क्षेत्रीय विकास नहीं होता तब तब लोग उठकर अलगाववाद की मांग करते हैं। इसलिये मैं कह रही हूं कि कल ऐसी चीज जम्मू के अंदर भी न आये कि जम्मू के लोग भी यह मांग करने लगे। मैं भारतीय संसद से मांग करती हूं कि आज जो बजट आप भारत संसद के माध्यम से पारित करें उसमें एक यह प्रावधान करिये कि जम्मू और कश्मीर के लिए तीन विकास बोर्डो का गठन करिए। तीन रीजनल विकास बोर्डों में जम्मू विकास बोर्ड, कश्मीर विकास बोर्ड और लद्दाख विकास बोर्ड हों और यह सारा का सारा बजट इन विकास बोर्डो के माध्यम से खर्च करवाये ताकि जो क्षेत्रीय असंतुलन में बजट खर्च होता है वह समाप्त हो, क्षेत्रीय असंतुलन समाप्त हो और जो क्षेत्र अविकसित रह गए हैं वे विकास की दिशा में एक कदम आगे बढ़े। भारत की संसद से पारित किया जाने वाले बजट से यह एक मील का पत्थर साबित होगा।

महोदय, आखिरी बात कहकर मैं अपना स्थान ग्रहण करना चाहूंगी। आज भारत का नन्दनवन कहा जाने वाला कश्मीर, धरती का स्वर्ग कहा जाने वाला कश्मीर धूधू करके जल रहा है। इसको यदि आप ठीक करना चाहते हैं तो आप किंकर्तव्यविमूढ़ता की स्थिति से बाहर आइए और धरती पर निकलकर सच्चाई का सामना करिये। इस तरह की बातें कहकर, चीजों को हटा करके, प्रेसिंग औडर दि कारपेट करके समस्या का समाधान नहीं हो सकता। एक बात मैं कहना चाहती हूं कि अगर धरती पर खड़े होकर सच्चाई का सामना करेंगे तो स्थिति से निपटने की इच्छा शक्ति आप में पैदा होगी। मैं आपको एक ही विश्वास दिलाना चाहती हूं कि जिस दिन मन में दृढ़ संकल्प ले कर और इच्छा शक्ति को संजोकर आप कश्मीर का मसला सुलझाने के लिए आगे आएंगे आप हम में से किसी को सहयोग और समर्थन में कम नहीं पाएंगे। क्योंकि मैं जानती हू कि कश्मीर का मसला किसी एक राजनीतिक दल का मसला नहीं है, यह कश्मीर का मसला देश की अखण्डता से जुड़ा हुआ है हम सब का मसला है। धन्यवाद।

उपसभाध्यक्ष (श्री शंकर दयाल सिंह): श्री विश्वजित सिंह। एक मिनट रुक जाइये। खाने की व्यवस्था 8 बजे से रूम नम्बर 70 में की गई है। उस में प्रेस के लोग, स्टाफ के लोग और सभी मैम्बर्ज सब के लिए व्यवस्था है। यह सूचना आप लोगों के लिए है।

श्री विश्वजीत पृथ्वीजीत सिंह (महाराष्ट्र): उपसभाध्यक्ष महोदय, बड़े-बड़े प्रश्न पूछे गये हैं और बहुत गहरे प्रश्न पूछे हैं माननीया सदस्या ने। वह पूछती हैं कि किस की जिम्मेदारी है, कौन जिम्मेदार है आतंकवाद को प्रोत्साहन देने के लिए। हमें तो पता ही है कि कौन जिम्मेदार है। वही शक्तियां जिम्मेदार हैं जिहोंने जब किडनेपिंग हुई थी और वहां श्रीनगर की पुलिस ने जिसने वह आतंकवादी पकड़े थे, उनको छुड़वाया

था, वह सरकार भूल गए आप? पूछा गया है कि किस की जिम्मेदारी है शरणार्थी श्रीनगर वेली छोड़ कर के आ गये, जम्मू की छावनी में गर्मी में, सर्दी में, बुरी हालत में पड़े हैं। किस की जिम्मेदारी है? यह उस सरकार की जिम्मेदारी है, जिन्होंने उनको कहा कि 24 घंटे के अंदर आप यहां से चले जाइए। यह मैं नहीं कह रहा हूं, यह सब लोग कह रहे हैं और ओपन नोलेज है, पब्लिक नोलेज है। सरकार के जरिए उनको वहां से रात बे-रात, जो लोग वहां से जाना नहीं चाहते थे, कहते थे कि हम यहां बिलकुल ठीक हैं, उनको कहा गया कि हम आपकी कोई जिम्मेदारी नहीं ले सकते, आपको कोई सुरक्षा नहीं दे सकते हैं आप यहां से चलिये। वह सरकार जिम्मेदार है। पूछा जाता है कि वहां पर कौन जिम्मेदार है, पाकिस्तान के प्रोपेगंडा को प्रोत्साहन दिया गया, पाकिस्तानी करंसी चलती है, पाकिस्तान के झण्डे लहराए जाते हैं, पाकिस्तान का टाइम लोग अपनी घड़ियों में रख रहे हैं, हिंदुस्तान के झण्डे की, हमारे तिरंगे झण्डे की होली जलाई जाती है। माननीया सदस्या ने कहा है, मैं उसका जवाब देता हूं। यह उन्हीं लोगों की है, इस सब कुछ के लिए वही लोग जिम्मेदार हैं, जिन्होंने बूढ़ों, बच्चों और औरतों पर गोलियां चलाई। जिन्होंने यहां तक कि मौलाना फारुख के फ्यूनरल प्रोसेशन में जाते हुए लोगों पर गोलियां चलाई, जनाजे पर गोलियां चलाई, उस लाश पर गोलियां चलाई, औरतों, बच्चों और बूढ़ों पर गोलियां चलाई, यह मैं नहीं कह रहा हूं, यह आवाम कह रहा है। यह हकीकत की बात है। वह जिम्मेदार हैं। पूछिए और इधर की तरफ देखने से पहले अपने गिरेबान में नजर डाल कर देखिए कि किस तरफ नजर रखनी चाहिए। सोचिये। पूछा जाता है कि यह जो अलगाववादी ताकतें हैं, यह कहां से पैदा हुई हैं।

मैंने जो अभी भाषण सुना है जिसमें बताया जाता है, इतने आंकड़े दिये। अंग्रेजी में एक कहावत है—

"There are lies, there are damn lies and there are statistics."

जो स्टेटिसटिक्स हैं वे तो जो परम का असत्य है उसके भी ऊपर जाकर हैं।

श्री वीरेन जे० शाह: सरकारी दफ्तरों में से।

श्री विश्वजीत पृथ्वीजित सिंह: मैं सरकारी दफ्तरों की बात कर रहा हूं: ये जो उन्होंने स्टेटिसटिक्स बतायी, यह सरकारी दफ्तरों की स्टेटिसटिक्स बतायी है। अब आंकड़ों को लेकर जिधर भी आप मोड़ देना चाहते हैं वैसा मोड़ दे दीजिए क्योंकि आंकड़े जब निकलते हैं एक पन्ने से तो आप पूरे पन्ने नहीं उठाते। आप इनमें से केवल कुछ आंकड़े उठाते हैं, कोई ऊपर से उठाते हैं कोई नीचे से उठाया कोई बायें से उठाया, कोई दायें से उठाया और वे आंकड़े अपने सामने रखते हैं।

श्रीमती सुषमा स्वराज: यह वह सच्चाई है जो आंखों से जाकर देखी जा सकती है।

श्री विश्वजीत पृथ्वीजीत सिंह: आप बहुत बोलीं, मैंने उस टाइम कुछ नहीं कहा मेरी आप से गुजारिश है कि मैं कुछ बोल रहा हूं तो यद्यपि आप चुप रहें तो अच्छा रहेगा।

उपसभाध्यक्ष (श्री शंकर दयाल सिंह): एक बात तो आप मानेंगी कि आपके लिए ये हिंदी में बोल रहे हैं।

श्री विश्वजीत पृथ्वीजीत सिंह: उपसभाध्यक्ष महोदय, मैं बहुत खुश होता अगर ये भी आंकड़े यहां दिये जाते कि काश्मीर वैली की पापूलेशन जम्मू से कहीं ज्यादा है। यह भी अगर बताया जाता तो बहुत अच्छा रहता। मैं इस बात पर भी बहुत खुश होता अगर बताया जाता कि काश्मीर वैली में जो गरीबी है, गुरबत है वह जम्मू से कहीं ज्यादा है।

[श्री विश्वजीत पृथ्वीजीत सिंह]

हम सब जानते हैं, पर अगर यह बताया जाता तो मैं उससे और भी ज्यादा खुश होता । अगर एरिया की बात करते और बताते तब भी मैं बहुत खुश होता, पर ये बातें, आंकड़े हैं ना, तो आंकड़ों में जब मोड़ देना है और क्यों मोड़ देना है क्योंकि यहां अलगाववाद आता है। यही अलगाववाद डिवाइड एण्ड रूल । ये रूल करना चाहते हैं । तो अभी इन्होंने सिर्फ डिवाइड ही सीखा है । यही है । ये रूल करना चाहते हैं तो डिवाइड सीखा है । अभी डिवाइड करेंगे और सोचते हैं कि कल रूल करेंगे । नहीं, नहीं। ये चाहते हैं जम्मू अलग हो जाए, लद्दाख अलग हो जाए, वैली अलग हो जाए । परंतु यह नहीं होगा । जम्मू और काश्मीर एक है, हिंदुस्तान एक है, भारतवर्ष एक है, एक होकर रहेगा । आप हजारों कोशिशें कर लें, आप लाखों कोशिशें कर लें । आपने जितनी गोलियां चलानी हैं, चला दीजिए, जितने मासूमों को मार दें पर कुछ नहीं होगा । हिंदुस्तान एक ही होगा ।

श्री वीरेन जे० शाह : आप चेयर को कह रहे हैं गोली चलाने के लिए ।

श्री विश्वजीत पृथ्वीजीत सिंह : चेयर की नहीं कह रहा हूं ।

श्री राम नरेश यादव (उत्तर प्रदेश) : उस कान्टेक्स्ट में देखिए, जिस कन्टेक्स्ट में बोल रहे है ।

श्री वीरेन जे. शाह : कन्टेक्सट कोई भी हो ।

श्री विश्वजीत पृथ्वीजीत सिंह : ये सब शक्तियांजो है जब ये अपने कारनामें करती हैं तो मैं, ये नहीं सोचतीं कि इनकी कीमत भी हमें चुकानी पड़ेगी । इनकी कीमत. यह कीमत है कि जो यह बिल इस सदन में आया । यह उन कारनामों की कीमत हम आज दे रहे है । जब हम यह बिल पास कर रहे हैं और जैसा आपने कहा कि रियासत की असेम्बली तो बैठ नहीं रही है । असेम्बली कहां बठे, कैसे बैठ, किन हालातों में बैठे ? असेम्बली तोड़ दी गयी है, भंग हो गयी है, दुबारा इलेक्शन हो नहीं सकते है, जो हालात अभी वहां पैदा हो गये हैं इन्हीं शक्तियों ने, अलगाववादी शक्तियों ने जो हालात पैदा किये है, इन्ही जालिमों ने जो हालात पैदा किये है जब तक ये हालात है । न वहां इलेक्शन हो सकते हैं, न वहां असेंबली हो सकती है और जब तक वहां असेंबली नहीं है तब तक वहां का बजट हम हीं लोग पास करेंगे और कौन करेगा ? यह हमारा काम है उन कारनामों का अंजाम हम भर रहे हैं । वह यह है । मैं आखिरी बात, महोदय,.. **(व्यवधान)**

श्री वीरेन जे. शाह : यह भी बता दीजिए कि फारूक अब्दुल्ला को पहली बार किसने डिसमिस किया था, जिसके लिए बी० के० नेहरू गवर्नर साहब बिल्कुल नाराज थे, फिर भी ?

श्री विश्वजीत पृथ्वीजीत सिंह : श्रीमान निकरधारी मैं आपसे गुजारिश करूंगा... **(व्यवधान)**

श्री वीरेन जे० शाह : हम जो पहनकर आए हैं, इसको आपकी जबान में निकर कहते हैं? ... **(व्यवधान)**

श्री विश्वजीत पृथ्वीजीत सिंह : मैं आपके बाहर के लिबास पर नहीं जा रहा हूं, मैं आपके मानसिक लिबास की बात कर रहा हूं । आपने बाहर तो तंग-चुस्त पायजामा पहन रखा है, पर आपका मन अभी भी निकरधारी है । महोदय, अंत में, मैं ज्यादा इस सदन का समय नहीं लेना चाहता, सब लोग भोजन के लिए प्रस्थान करना चाहते हैं... **(व्यवधान)**

श्री जगेश देसाई (महाराष्ट्र) : नहीं-नहीं, ऐसा नहीं है । ... **(व्यवधान)** आप ऐसी बात मत करो, हम आपको सुनेंगे ।

श्री विश्वजीत पृथ्वीजीत सिंह :: अच्छा, सुनेंगे। चलिए, ठीक है। . . . (व्यवधान) सुनेंगे तो सुनिए। . . . (व्यवधान) बहुत कुछ हमेशा जम्मू-कश्मीर के बारे में कहा जाता है, धारा 370 के बारे में कहा जाता है और वह पार्टी जिसकी सदस्या अभी जोर-जोर से सवाल कर रही थीं वही पार्टी हमेशा कहती है कि इस काश्मीर की समस्या का समाधान केवल एक ही है और वह हमेशा कहते हैं कि संविधान की धारा 370 को वापस ले लीजिए और सब खत्म हो जाएगा। सब ठीक हो जाएगा। कहते हैं या नहीं, क्यों बहन जी बताइये ?

श्रीमती सुषमा स्वराज : कहते हैं।

श्री विश्वजीत पृथ्वीजीत सिंह : क्यों भाई साहब आप भी बतायेंगे ? . . . (व्यवधान)

श्री मोहम्मद अफजल उर्फ मीम अफजल : (उत्तर प्रदेश) : : धारा 370 जब खत्म हो जाएगी तो अलग हो जाएगा और समाधान हो जाएगा। . . (व्यवधान)

श्री विश्वजीत पृथ्वीजीत सिंह : वह तो आप समझते हैं, मैं समझता हूं और यह लोग नहीं समझते हैं। यह अपनी बात करते हुए हमेशा करते हैं कि संविधान सभी में यह सब कुछ हुआ था। और कांस्टीटयूएंट असेंबली में यहां तक कहते हैं कि एक मौलाना हजरत मोहनी ने कहा था कि धारा 370 मत लागू करो। कहते हैं या नहीं कहते हैं ? हमेशा कहते हैं।

श्रीमती सुषमा स्वराज : संविधान उठाकर देखें कि संविधान क्या कहता है ?

श्री विश्वजीत पृथ्वीजीत सिंह : मैं आपको सुनाता हूं। . . (व्यवधान) मैं आपको सुनाता हूं। आप सुनिए जरा।

श्रीमती सुषमा स्वराज : मुझे पूछ रहे हैं कि आप कहती हैं या नहीं कहती हैं, जवाब दें ?

श्री विश्वजीत पृथ्वीजीत सिंह : हां।

श्रीमती सुषमा स्वराज : कंस्टीटुएंट असेंबली का अपना संविधान उठाकर देखो कि उसमें कहां लिखा है। उसमें आप देखिए।

SHRI VISHVJIT P. SINGH: The Constitutional position, Mr. Vice-Chairman, is that according to the Constitution at that time, these temporary provisions were made with the intention of allowing the populace of the princely States to decide what kind of a constitutional set-up they wanted. This was a contract of the Indian States. And the people of the States. And the pepole of the Princely States elected their Constituent Assemblies or Assemblies which then decided on the form of the Constitution. And let me tell this hon. House, Mr. Vice-Chairman, that the various Princely States sat themselves up as Constituent Assemblies and adopted. (*Time bell rings*). I am just finishing, Sir. In the State of Jammu and Kashmir, there was a very delicate situation which was there because of the problem with the Maharajah. The popula-

8.00 P.M.

on was totally with the Government of India. The population decided, the Assembly decided, on a separate Constitution for the State of Jammu and Kashmir, merging it with India and lin[illegible] to section 370. If you rem[illegible]ion 370, the constitutional position is that the amalgamation of the J&K State with the Union of India lapses from that moment. And that is what my friends on the Opposition understand.

SHRI JAGESH DESAI: They know it.

SHRI VISHVJIT P. SINGH: They know it. Even these people know it. But they do not want it and they want it. That is the difference. I may quote, Sir...

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI SHANKAR DAYAL SINGH): But [illegible] also conclude now.

SHRI VISHVJIT P. SINGH: I am going to conclude. I am quoting Shri Gopalswamy Aiyangar. This is the Constituent Assembly debate dated 17th October, 1949:

[Shri Vishvjit P. Singh]

"The effect of this article is that the Jammu and Kashmir State which is now a part of India will continue to be a part of India, will be a unit of the future Federal Reublic of India, and the Union Legislature will get jurisdiction to enact laws on matters specified...", etc. etc.

"And steps have to be taken for the purpose of convening of the State Assembly. When it will come to a decision on the different matters, it will make a recommendation to the President who will either abrogate the article or direct that it shall apply with such modifications and exceptions as the State Assembly may recommend. That, Sir, briefly is the description of this article."

Sir, the State Assembly directed that this the article be retained in the Constitution of India. This is now no longer a provision which is a temporary provision, because it is only from this that we get the union of the State of Jammu and Kashmir with the Union of India.

श्रीमती सुषमा स्वराज : कांस्टीटयूशन में 370 के लिखते ही लिखा है । ... **(व्यवधान)**

श्री विश्वजीत पृथ्वीजीत सिंह : : इसमें "इस" कर के लिखा है ।

At that time it was a temporary provision.

जब आप यह भी नहीं समझती तो मैं क्या कर सकता हूं ?

श्रीमती सुषमा स्वराज : सोचने की बुद्धि तो ईश्वर ने केवल आपको ही दे रखी है । पूरी संसद में सोचने की ठेकेदारी सिर्फ आपकी है ।

श्री विश्वजीत पृथ्वीजीत सिंह : नहीं-नहीं, मेरी कोई ठेकेदारी नहीं है । I am not a contractor. ...*(Interruptions)*...

उपसभाध्यक्ष (श्री शंकर दयाल सिंह) : देखिए आप दोनों सदन के माननीय बुद्धिमान सदस्य है । मैं अनुरोध करूंगा कि समय की रक्षा करते हुए अब आप अपना भाषण समाप्त करें

श्री विश्वजीत पृथ्वीजीत सिंह : माननीय सदस्या समझदार हैं । मैं समझता हूं कि किसी को भी जब कडवे सत्य का सामना करना पडता है तो उसको न वह पहचानना चाहते हैं और न उसको समझना चाहते हैं । मैं पूरी तरह इस बात से वाकिफ हूं ।

श्री वीरेन जे० शाह : कडवा सत्य है, लेकिन सत्य शब्द की व्याख्या फिर से करनी पडेगी आपके लिए ।

श्री विश्वजित पृथ्वीजित सिंह: ठीक है, ये लोग मेरे भाषण के बीच में जब बोलते हैं तो जितना ये बोलते हैं, मैं उतना ही सत्य बोल रहा हूं । **(धन्यवाद)**

SHRI JAGMOHAN (Nominated): Thank you very much, Sir, for giving me this opportunity.

There are a very large number of aspects of the Kashmir problem which need to be gone into. In the first instance, I would confine myself to the Budget and the implications of it. A mere glance at it will make it very clear that the State of Jammu and Kashmir is heavily dependent upon the Union finances. Those who talk of pre-1952 position or 1947 position, how unrealistic they are? In 1947-48 the total budget of Jammu and Kashmir was Rs. 4.18 crores. Now we are having about 350 times more than what it was. Practically the entire plan expenditure comes from the Union finances. Quite a lot of non-plan expenditure also comes from the Union finances. For instance, in the Seventh Five Year Plan Rs. 18.38 crores was given by the Union Government to this State. The

scale of the financial aid is very liberal whereas the population of Jammu and Kashmir is 0.8 per cent of the total population of the country. It has been getting on an average 2.7 per cent of the financial allocations of the country. Whereas the per capita expenditure in West Bengal is Rs. 67—this is the figure of 1989—in Bihar, per capita expenditure was Rs. 109, in Assam Rs. 440 and in Kashmir it was Rs. 1122. These figures are population-wise. You can imagine how much aid has been provided liberally. When we say take us back to the position of 1953 or when we want to be independent what would we see? The facts of geography, the facts of defence, the facts of practical considerations all are against it.

Now, it is very clear that the financial base of the State is very weak. The economic base of the State is very weak. But whatever amount you have been sending, how is it utilised? That is the issue. When my brother was speaking about Article 370, the issue is abrogation or retention of Article 370. That is usually talked about. But nobody talks about its misuse. For instance, already the financial base of the State is very weak. Why there is no wealth tax in Kashmir, and why there is no Urban Land Ceiling Act in Kashmir? Why there is no fift tax in Kashmir? Why? This is the issue which we should consider. Why this Article 370 is used to obstruct healthy financial legislation in the State? Was it meant for this purpose that we should create a corrupt and callous oilgarchy there? It will serve a particular group whether they are in politics or in administration or in business. This is the point which the nation has to consider. After so much money has gone there, why the visible results are not there? I will give you two instances. Now you have got the Urban Land Ceiling Act and Wealth Tax Act; you may not get money out of it, but somebody will have to declare how much land he is holding and how much wealth he has, somebody has to declare. That is the reason why legislation is not done in Kashmir. Therefore, kindly go to the real issues of Kashmir. With due respect, I find the real issues are not known to this House.

Now, let me say something about land resources. Somewhere when you want to have a hotel site, you will sell it by auction because it is a commercial project. You want that the auction should be on all-India level and let somebody, compete with it. In Jammu and Kashmir, under the protective wall of Article 370, land is allotted for a song to some favourites and the favourites then go to the Bombay party with some sort of profit agreement and then he gets it sanctioned. Thus the intermediary makes all the money. I do not want to refer to my book; but I have given all the details and let the Finance Minister look into this. The hotel site which is given to a particular party for Rs. 18,000 or Rs. 20,000 on lease, is offered to a Bombay party by that person on Rs. 40,000 annual lease, and I have calculated that in a 99-year lease, the intermediary will gain Rs. 18 to 20 crores. What is this? If we put this plot to auction, who is going to benefit? It is the poor Kashmiri who will benefit because somebody will construct a hotel, people there will get employment, and local people will get all the facilities. But it only the intermediary who is getting all the benefits and setting the whole circle in motion where black money comes in and exploitation comes in, and all this is because of the propaganda for retention of article 370. It is to hide those parties, it is to hide the corruption there that article 370 is used.

I will give you another instance. On the Dal Lake you create all types of hotels. The steamer froze there in the Dal Lake and you destroyed the Dal Lake; you destroyed the environment; you destroy this way Kashmir for ever. If the Indian environment Act is introduced there also, whom will it serve? Will it serve the Kashmiris or somebody else?

[Shri Jagmohan]

This is also an instance where article 370 is used or misused.

We had the anti-defection law in India. Why was it not introduced there in Kashmir? There, another law was introduced whereby the party chief will decide whether a person had defected or not. The party chief will decide who has revolted against him. He will sit over judgement; he will be the Chief Minister and he will be recommending Ministers, and he will decide whether somebody has revolted against him or not. So, we should understand what for these laws are being kept separate. A type of feeling is being created that article 370 is doing this or that for the people. In fact, abrogration of article 370 is in the interest of Kashmiris. It is in the interest of poor Kashmiris. Maybe, it is not in the interest of the elite class, and that is why that interest has seen to it that a permanent opinion is created against India, against the Union by a false propaganda.

I will tell you another aspect. The fundamental purpose of a government is justice. Once we deviate from that central objective, we always land ourselves in confusion. Mrs. Swaraj was talking about allocations to the medical college or this college or the other. I do not want to get into the intricacies, whatever be the right or wrong. But I will give you one instance. A Kashmiri student is in a medical college. She has passed her MBBS examination. Then she applies for getting into MD course; but she is refused. What is the reason given? The reason is, she has married an Indian citizen. Can you imagine a situation like this? She is asked to produce a certificate. She is a permanent resident of India, a citizen of India also and she is denied. You can see that case in my book; I have given details. There is a writ petition filed by her that she has been denied because she married an Indian citizen. With Union finance a medical college is opened, and in that medical college you cannot get admission because you have married an Indian citizen. Can there be a worse situation than this?

Take the case of West Pakistan refugees who came in 1947. They did not come to see Kashmir; they were not on holiday. They came to Kashmir because there was partition; there were riots; there was trouble, and these people came to settle there. About 12,000 families are there. And uptil this time, they have not been given citizenship rights. There children cannot go to the medical college. Their children cannot get admission in any agricultural college. They cannot get admission in any of the professional colleges. They cannot become members of the co-operative societies. They cannot vote for the Assembly. But we are a nation who go and fight for the rights of the South African people. And here is a nation where a child born there is subjected to so many disabilities—Article 370 and its corollary, Constitution and the Citizenship rights. The issue is of justice. Are we a modern nation? What are we doing? Are we acting in a primitive manner? These are the few things which you should kindly bear in mind. You have rung the bell and I do not want to take much time. There are many things which I have to say. I think it is highly superficial to look for the roots of the Kashmir problem in the last two years, three years, five years or six years. The roots of the Kashmir problem lie deep. You will be surprised to see that they lie in the permissive attitude and soft attitude; they lie in the policy of deception and duplicity; they lie in corruption; they lie in the administrative infirmities and they lie in the spurious democracy. On Page 152 of my book, I have given a sample of the posters. At every election time, the propoganda is "all rivers go to Pakistan, but all the salt comes from Pakistan, etc." When the motive issues are raised, the younger generation of Kashmir has been fed on such slogans. There have never been any

elections by performance, but only on an anti-India campaign. And this has resulted in all these problems. For the last 44 years, we have told the young Kashmiris that India is our enemy. Whom do you blame now? We cannot blame the young people. You see all the evidence that I have given in 4400 pages and I will request all the Members of Parliament to go through that because it is all documented. It is all listed. Kindly go through that book. I do not want that you should take a particular view or you should not take a particular view. It is in the interests of the nation as a whole and it is not a question of one particular party or the other.

SHRI S. S. AHLUWALIA (Bihar): Give one complimentary copy to every Member.

SHRI JAGMOHAN: I suggest, you go to the libarary and read it. If I am referring to it. I am not referring to it because I want to sell my book. I don't want to sell my product. I have donated it for charity.

SHRI S. S. AHLUWALIA: You are provoking people to buy your book and read it. Who is going to buy the book? Who is going to read the rubbish?

SHRI JAGMOHAN: I will explain it to you. I do not want to refer, since you have rung the bell ... (*Interruptions*)

SHRI V. NARAYANASAMY: When you were in power, you should have done somsthing. Now, you are coming and blaming... (*Interruptions*) You are preaching sermon... (*Interruptions*)

श्री सुरेन्द्रजीत सिंह अहलुवालिया : मदन के एक सदस्य हैं डा० जे० के० जैन, वह अपनी कैसिट बेचते थे और यह अपनी किताब बेचने लगे।

SHRI V. NARAYANASAMY: You are talking about corruption now. What did you do when you were the administrator?

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI SHANKAR DAYAL SINGH): Please Mr. Narayanasamy...

मौलाना ओबेदुल्ला खान आजमी: यह होगा कि वह देश के संविधान की किताब बेचते हैं।

† [مولانا عبیداللہ خاں اعظمی : یہ ہوگا کہ وہ دیش کے سنودھان کی کتاب بیچتے ھیں -]

SHRI R. K. DHAWAN: (Andhra Pradesh): During Rajiv Gandhi's period, he wanted to continue as the Governer of Kashmir, when he was asked to resign after his term was over. If this was the situation, why did he want to continue? (*Interruptions*)

SHRI JAGMOHAN: Mr. Dhawan, I will answer you ... (*Interruptions*) ...

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI SHANKAR DAYAL SINGH): Mr. Dhawan, I request you to take your seat.

DR. NAGEN SAIKIA (Assam): I have a point of order.

SHRI V. NARAYANASAMY: Now he is preaching sermon.

SHRI R. K. DHAWAN: When Shri Rajiv Gandhi sent a letter to him asking him to resign when his term expired, he wanted to continue. Why did he want to continue? ... (*Interruptions*) ...

